कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड, विद्युत पारेषण खण्ड, दही चौकी उन्नाव

ई–टेन्डरिंग सूचना

अनुभवी फर्मो/ठेकेदारों/अधिकृत विक्रेताओं/निर्माताओं (जी0एस0टी0 में पंजीकृत) से निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दो भागों में आमंत्रित की जाती हैं । ई–निविदा के प्रथम भाग में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, उन्नाव के पक्ष (चालू खाता सं0 **3425751556**, IFSC : **CBIN0280150** सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया, मोती नगर, उन्नाव) में निविदा प्रपत्र मूल्य (नान रिफन्डेबिल) एवं धरोहर धनराशि RTGS/NEFT के माध्यम से स्थानान्तरण का यू0टी0आर0 सं0 तथा पे–इन स्लिप की प्रति एवं धरोहर धनराशि (ई0एम0डी0) बैंक गारंटी के रूप में जमा किए जाने की स्थिति में बैंक गारंटी की स्कैन्ड प्रति जारीकर्ता बैंक के पुष्टिकरण (कनफरमेशन) मेल की स्कैन्ड प्रति भी इलैक्ट्रानिकली अपलोड किए जाने वाले निविदा प्रपत्रों (स्वयं प्रमाणित पैन, जी0एस0टी0 पंजीकरण, इन्कम टैक्स रिटर्न, समान प्रकृति के कार्य/आपूर्ति के सफल सम्पादन का अनुभव प्रमाण पत्र व तत्सम्बन्धी अनुबन्ध/क्रयादेश, अर्हकारी शर्ते एवं अन्य सम्बन्धी प्रपत्र) के साथ ही संलग्न कर तथा ई–निविदा के द्वितीय भाग में मूल्य/दरें वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ई–निविदा के प्रथम भाग के खुलने की तिथि के 13:00 बजे तक अपलोड की जानी है । ई–निविदा के प्रथम भाग के प्रपत्र निविदा खुलने की तिथि के 14:00 बजे के उपरान्त डाउनलोड की जायेंगी । निविदाओं के प्रथम भाग में सम्पूर्ण वॉछित प्रपत्रों के प्राप्त होने एवं उनके मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पायी गयी निविदाओं के ही द्वितीय भाग को डाउनलोड किया जायेगा । निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी, नियम व अर्हकारी शर्ते, निविदा प्रपत्र में अंकित है, जो वेबसाइट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड कर अवलोकित/अपलोड की जा सकती है, निविदा का प्रथम व द्वितीय भाग वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ही अपलोड किया जा सकेगा । निविदा से सम्बन्धित कोई भी प्रपत्र, भौतिक रूप से कार्यालय में स्वीकार नही किया जायेगा । निविदा खुलने की तिथि पर अवकाश पड़ता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर निर्धारित समय पर डाउनलोड की जायेंगी । निविदाकार द्वारा विभागीय अनुमानित/प्राक्कलित दरों से कम दर डालने की स्थिति में कारपोरेशन के वर्तमान सम्बन्धित आदेश के अनुरूप 'सिक्योरिटी मनी' अनुबन्ध/क्रयादेश के समय जमा करनी आवश्यक होगी । अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकार/विभाजित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। विस्तृत जानकारी, अन्य किसी प्रकार के संशोधन एवं तिथि विस्तार आदि के सम्बन्ध में निविदा अपलोड करने के दिनांक/समय तक कृपया वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर लॉग ऑन करें ।

(1) अति अल्पकालीन ई–निविदा संख्या–06/वि0पारे0ख0उ0/2020–21 (निविदा खुलने की तिथि 10–02–2021) : विद्युत पारेषण खण्ड, उन्नाव के अन्तर्गत 132 के0वी उपकेन्द्र बाँगरमऊ, उन्नाव पर 132 के0वी0 एन0टी0पी0सी0 'बे' की मीटरिंग हेतु Pilfer Proof Metering हेतु कार्य निविदा प्रपत्र के अनुसार धरोहर धनराशि रू0 1000/–, निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 118/– (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित)।

अधिशासी अभियन्ता
वि0 पारे0 खण्ड0
उन्नाव

'राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें'

कृपया उपरोक्त विवरण को प्रकाशित करने का कष्ट करें।

(डी0पी0 गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता
वि0 पारे0 खण्ड0
उन्नाव

Generated by CamScanner